[श्री चन्द्रपाल सिंह]

इस मामले में हस्तक्षेप कर चार सौ कार्यरत श्रमिकों को बकाया वेतन लगभग पांच लाख रुपये अविलम्ब भुगतान कराया जाए तथा देश में कागज की अनिवार्यता एवं मजदूरों की बेरोजगारी को देखते हुए कागज का उत्पादन शुरू किया जा सके, जिससे मिल को हो रही लगभग 20 लाख रुपए प्रति माह के नुकसान को रोका जाए।

(v) ARRANGEMENTS FOR THE PURCHASE OF VIRGINIA TOBACCO IN BIJAPUR AREA, GUJARAT.

श्री मोती भाई आर० चौधरी : (मेहसाना) : उपाध्यक्ष महोदय, गुजरात में मेहसाना जिले के बीजापुर क्षेत्र में पिछले तीस सालों से वर्जनिया तम्बाकू पैदा की जाती है। पिछले इन सब सालों में आई०टी०सी० कम्पनी के द्वारा यह तम्बाकू का बीज उगाने के लिए दिया जाता था और इनमें से तैयार जो माल होता था, यह सब तम्बाकू यह कम्पनी खरीद लेती थी। इस साल भी इस कम्पनी ने ही किसानों को तम्बाकू पकाने के लिए इसके बीज दिए हैं और अब तम्बाकू तैयार हो गया है, लेकिन यह कम्पनी खरीदने को आगे नहीं आ रही है। इतना ही नहीं, लेकिन दूसरी कम्पनियां खरीदने को आती हैं तो उन्हें कारनर करके खरीदने नहीं देती हैं, जिससे वहां के किसान, जिन्होंने तम्बाकू पैदा की है, बहुत मुश्किल में आ पड़े हैं।

देश में वर्जनियां तम्बाकू को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने तम्बाकू बोर्ड बनाया है, जो तम्बाकू उगाने पर नियंत्रण रखता है। इसकी बिक्री करने में मदद करता है और विदेशों में बाजार पाने के लिए भी कोशिश करता है। इस तम्बाकू बोर्ड के जरिए इस क्षेत्र, के 86 किसानों ने अपना नाम तम्बाकू उगाने के लिए तम्बाकू बोर्ड में इस साल रजिस्टर्ड कराया है। करीबन 8 लाख किलो जितना माल तैयार पड़ा हुआ है। लेकिन, उसे खरीदा नहीं जा रहा है। इसलिए मैंने तम्बाकू बोर्ड में और वाणिज्य मंत्रालय के सचिव को दिनांक 7-2-83 को पत्र लिखा है, सारी परिस्थिति से अवगत कराते हुए और तार भी भेजे हैं। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। तम्बाकू बोर्ड का कार्यालय जहां है, वह गुंटूर शहर में कई कम्पनियां तम्बाकू खरीदने वाली और आफिस खोल कर प्लांट लगाकर बैठी हैं। जिनको यह तम्बाकू बाहर भेजने के लिए मान्यता भी तम्बाकू बोर्ड से दिया जाता है। इन कम्पनियों को इस क्षेत्र से तम्बाकू खरीदने के लिए शीघ्र ही भेजने की व्यवस्था तम्बाकू बोर्ड द्वारा की जाए। या तो एस०टी० सी० या नाफेड द्वारा यह तम्बाकू खरीदा जाए ऐसा प्रबन्ध शीघ्र किया जाए। मैं वाणिज्य मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं और जिस कम्पनी ने इतने सालों से इस क्षेत्र में वर्जनियां तम्बाकू उगाने और खरीदने का काम किया है यह कम्पनी किसानों का इस साल का पकाया हुआ माल मुफ्त में खरीदने के लिए कोशिश कर रही है। इसके प्रति भी योग्य कदम तम्बाकू बोर्ड द्वारा उठाया जाए।

(iv) MEASURES FOR PRESERVATION OF SEA TURTLES

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (Cuttack): Pacific ridley sea turtles available in the sea water of Orissa in large number are on the verge of extinction.

It reveals from a preliminary study that their mating usually takes place